तापमान

अधिकतम 29.8 डिग्री

न्यूनतम 14.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 9 जनवरी 2024


11 शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता: सरिता



11 सांसद बघेल से मुलाकात कर ग्रामीणों ने रखी समस्याएं, किया त्वरित निवारण





## खबर संक्षेप

### साहित्य सृजन परिषद का स्थापना दिवस आज

**भिलाई।** साहित्य सृजन परिषद् भिलाई का 24 वां स्थापना दिवस सम्मान समारोह एवं काव्य पाठ 9 जनवरी मंगलवार को दोपहर 2-30 बजे से वैकुंठ धाम मंदिर,नेवई मरोदा मंदिर,डेम के पास रखा गया है। मुख्य अतिथि शिवनाथ शुक्ल पसिद्ध कथाकार एवं वरिष्ठ पत्रकार होंगे। अध्यक्षता साहित्य संस्कृति विद् एवं वक्ता-आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि विश्वामित्र बी दयाल, एसोसिएट प्रोफेसर डीकेएस रायपुर और डॉ. सुषमा शर्मा होंगे। स्वागत भाषण-एन एल मौर्य प्रीतम,अध्यक्ष देंगे। संचालन-नीता कम्बोज शीरी,उपाध्यक्ष करेंगी।

### मोबाइल लूटने वाले दो अपचारी गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो अपचारी बालकों को पुलिस ने पकड़ा है। बालको के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि दुर्गा मंदिर खुर्सीपार जोन 3 निवासी दीपक देवांगन ने पुलिस में शिकायत किया कि अपने घर सायकल से आ रहा था। तभी नंदिनी रोड के पास बाइक सवार दो युवकों ने मोबाइल फोन को लूटकर फरार हो गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसी कैमरे का फुटेज को चेक करने पर पता चला कि अपचारी बालकों द्वारा घटना को अंजाम दिया है। पुलिस फुटेज को आसपास खोजबीन करने पर बालक हाउसिंग बोर्ड और दूसरा कैम्प 1 के निवासी होना पताा चला। पुलिस ने दोनों को पकड़कर पूछताछ करने पर सायकल सवार से लूट करना स्वीकार किया।

### डिलवरी बॉय से लूट



**भिलाई।** डिलवरी बॉय से लूटकर कर कस्टमर का सामान लेकर फरार होने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 392, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि बजरंग नगर उतई निवासी दीपक साहू एक्सप्रेस बिस कंपनी डिलवरी बॉय का काम करता है। दीपक स्टेशन मरोदा में अधिकांश सामानों की डिलवरी करता है। रविवार को भी अपने कस्टमर का सामान छोड़ने नेवई स्टेशन मरोदा क्षेत्र में दीपक पहुचा था। डिलवरी बॉय दीपक सरकारी स्कूल गेट के पास दोपहर 2 बजे अपने कस्टमर का इंतजार कर रहा था। इस दौरान दो युवक उसके पास पहुचे और बैग से सामान लूट कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने स्टेशन मरोदा निवासी मोहन सेट्टी उर्फ मोगन और राहुल बावरी उर्फ दिनेश कुमार को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### बैंक अधिकारी बुजुर्गों को लौटा रहे, दो माह से पेंशन जमा नहीं

# बैंकों में बुजुर्गों की लंबी कतार, दो माह से रूकी दस करोड़ की पेंशन

राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

जिले में पिछले दो माह से बुजुर्गो को पेंशन योजना का लाभ नही मिल पाया है। बैंको में लंबी कतारे लगने के बाद जब बुजूर्गो का नंबर आ रहा है तो उन्हें यह कह दिया जा रहा हैं कि, उनके खाते में पेंशन राशि जमा नही हुई हैं। हर माह जिले में 97 हजार बुजूर्गो को पांच करोड जारी किया जाता है। लेकिन राज्य से आबंटन नही मिलने के कारण दो माह का दस करोड़ पेंशन खाते में जमा नही हुई है। मिली जानकारी अनुसार पिछले कांग्रेस सरकार द्वारा अपने चुनावी घोषणा में पेंशन की राशि साढ़े तीन सौ से पांच सौ किए जाने की घोषणा की गई थी। जिसे लागू चुनाव के अंतिम साल जुलाई 2023 को लागू किया गया था। जुलाई माह से अक्टुबर तक पांच सौ रूपए जारी किया गया। लेकिन बजट में प्रावधान नही होने के कारण आबंटन कम पड गया और नवंबर और दिसंबर की राशि हितग्राहियों को नहीं बंट पाई है। अफसरों ने बताया कि, अनुपूरक बजट में राज्य सरकार को पेंशन की राशि नही मिलने की जानकारी दी गई थी। जिसके बाद इसे बजट में शामिल किया गया है।

**खास बातें**

- केन्द्र के 46 हजार और राज्य के 51 हजार हितग्राही
- हर माह योजना के तहत पांच करोड़ का भुगतान
- दो माह से राशि नहीं मिली, बैंक के चक्कर से बुजुर्ग हालाकान

### राज्य के बजट में राशि नहीं, कांग्रेस ने बुजुर्गों को दिया झटका



### अब हितग्राहियों को 500 बोनस

जानकारी अनुसार जुलाई माह से मुख्यमंत्री पेंशन योजना, समाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, परिवार सहायता जैसे केन्द्र और राज्य के योजनाओं में जुलाई माह से हर हितग्राहियों को प्रति माह पांच सौ रूपए दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसमें अस्सी वर्ष से अधिक को साढे छः सौ रूपए दिया जाता है। इस तरह केन्द्र के तहत 46 हजार और राज्य में 51 हजार हितग्राहियों को हर माह पांच करोड़ जारी किया जाता है।

### बैंक से लेकर जनप्रतिनिधि भी हो रहे है हलाकान

पेंशन राशि नहीं मिलने के कारण नेता भी परेशान हो गए है। बैंक में बुजुर्गो को जानकारी दी जा रही है कि खाते में राशि नहीं भेजी गई है। जिससे नाराज कई बुजुर्ग नेताओं के समक्ष परियाद लगा रहे है। गंजपारा स्टेट बैंक में कतार में खड़े हितग्राही सुमन साहू ने बताया कि बैंक अधिकारी खाते राशि जमा नहीं होने की बात कह रहे है। खेमनलाल यादव ने बताया कि नवंबर और दिसंबर का पेंशन नही मिला है।

### अन्य जिलों में पेंशन के लिए लग रहा शिविर

समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित पेंशन योजना के लिए रायपुर जैसे जिले में शिविर के जरिए बायोमैट्रिक अंगूठा लगाकर बुजूर्गो को राशि दी जा रही है। शिविर के जरिए पेंशन राशि दिए जाने से उन्हें बैंक में लाइन लगने की जरूरत नही पडती है। लेकिन दुर्ग जिले में ऐसी व्यवस्था नही की गई है। जिसके चलते हर माह बुजूर्गो को गांव से शहर तक की दौड लगानी पड रही हैं।

### जारी करेंगे

पेंशन योजना के तहत बजट की राशि कम पड़ गई थी। अनुपूरक बजट में राशि का प्रावधान किए जाने के बाद फंड जारी हो गया है। कुछ दिन में खाते में राशि जमा हो जाएगी।

**-अमित सिंह परिहार**
संचालक, समाज कल्याण विभाग दुर्ग

### कोर्ट का फैसला

# आईटीआई संचालक को धोखाधड़ी पर जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कोर्ट ने पुरी आईटीआई कोहका भिलाई के संचालक आरोपी सतीश पुरी को धोखाधड़ी के मामले में दो साल कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी पुरी पर धारा 420 भारतीय दंड संहिता के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग जनार्दन खरे की अदालत ने यह सजा दी।फ़ैसले में 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं दस हज़ार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है अर्थदंड की राशि न अदा किए जाने की दशा में चार माह के कारावास की सजा अतिरिक्त भुगतनी पड़ेगी।

मामले के मुताबिक जुलाई 2008 में पुरी आईटीआई का संचालक एवं प्राचार्य सतीश पुरी ने छात्रों से विद्युतकार ट्रेड में महानिदेशालय रोज़गार एवं प्रशिक्षण संस्थान नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है न होते हुए भी एडमिशन और फ़ीस ले लिया। आरोपी ने लगभग 96 छात्रों से छल कर फिटर और विद्युतकार की परीक्षा में विद्यार्थियों को नहीं बिठाया। इस तरह छात्रों के साथ छल कारित करने के आशय से बेमानी पूर्वक प्रवंचना कार्य करते हुए फ़ीस अधिग्रहण कर छात्रों के साथ छल किया। अपने बचाव के लिए विभिन्न तरह के षड्यंत्र और प्रपंचों का जाल बिछाता रहा। अभियोजन के द्वारा अपना प्रकरण युक्तियुक्त संदेह से परे साबित किए जाने में सफल रहने से आरोपी को धारा 420 भारतीय दंड संहिता के आरोप से सिद्धदोष पाते हुए दोषसिद्ध किया गया है।



- मान्यता ना होने पर भी बच्चों को एडमिशन देकर ले ली थी फीस

### पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**

### सतबहनिया मंदिर परिसर में हुई थी हत्या, मामला अंजोरा का

# शव की शिनाख्त नहीं, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



रसमड़ा स्थित मंदिर परिसर में हत्या कर लाश को जलाने के मामले में पुलिस ने पांच माह बाद भी शव का शिनाख्त नहीं कर पाई है। लेकिन आरोपी तक पुलिस पहुंच गई। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि रसमड़ा स्थित सतबहनिया मंदिर परिसर में 30-40 वर्ष के युवक का शव त्रिशुल से वार कर अधजली लाश पड़ी मिली थी। सूचना पर अंजोरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का शिनाख्त करने जुटी रही मगर शिनाख्त नहीं हो पाई। फिर पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की तलाश में पांच माह से जुटी रही। सूचना मिली की उक्त मंदिर में वार्ड 18 शक्ति नगर दुर्ग निवासी राम चरण चंद्राकर रहता था लेकिन हत्या के बाद से फरार होने की जानकारी पुलिस को मिली। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी राम चरण चंद्राकर अपने घर आया था लेकिन ताला बंद होने पर वापस लौट रहा था पुलिस ने ग्रीन चौक के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी राम चरण से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि मंदिक परिसर में हत्या करना स्वीकार किया। इस दौरान अंजोरा पुलिस चौकी प्रभारी राम नारायण सिंह ध्रुव की टीम ने आरोपी की पतासाजी में जुटी रही।

### चेहरा छिपाने कपड़ा, पेपर से शव को जलाया

मृतक मंदिर परिसर के सामानों को तोड़ने लगा जिसे देख आरोपी रामचरण ने मंदिर में रखा गया टंगिया को निकालकर राजू पर प्राणघातक हमला कर दिया। राजू के टंगिया से चेहरा और गले में कई वार किया। जिससे राजू जमीन पर गिर पड़ा। राजू के द्वारा तोडे गए सामानों से उसे जलाने के लिए कपड़ा, पेपर का इस्तेमाल किया। टंगिया को आसपास के झांडियों में फेंक दिया। रसमड़ा रेलवे ट्रैक पर राम चरण पहुचा जहां कोयला से भरी ट्रेन में चढ़कर मुढीपार निकल गया। आरोपी लोकल ट्रेन से रायपुर पहुचा। राम चरण के पैर में चोट लगने से मेकाहारा रायपुर में अपना उपचार कराया उसके बाद मजदूरी का काम कर रात को रेलवे स्टेशन में सोया करता था। पांच माह बाद अपने घर शक्ति नगर दुर्ग आरोपी पहुचा लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से हमला के दौरान उपयोग किए गए सारे सामान बरामद किया है।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम सोरम थाना पाटन निवासी लवकुश वर्मा अपने मकान में लंबे समय से गांजा बेच रहा था। पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार किया है। युवक के पास से पुलिस ने 2 किलो 297 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है।

# प्रेम प्रसंग के चलते मनीष की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पीपी यार्ड कालोनी चरोदा स्थित नर्सरी के गटर में मिले शव का शिनाख्त होने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जीआरपी चरोदा ने आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 202 के तहत जुर्म दर्ज किया है। चरोदा बस्ती निवासी शर्मा होटल चलाने वाले मनीष शर्मा की हत्या कर शव को गटर में फेकने वाले मामले में चार युवकों के शामिल होने का संदेह जताया जा रहा है। जीआरपी हर एंगल को गंभीरता से जांच में जुटी हुई है। हत्या करने वाले आरोपियों के करीब पुलिस पहुच चुकी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मनीष शर्मा युवती से लव करता था। उसके परिजनों को दोनों के प्यार की जानकारी लग गई थी। इसे लेकर परिवार में विवाद भी हुआ था। उक्त परिवार मनीष को पसंद नहीं करता था। इसे लेकर जीआरपी जांच में जुटी हुई है। पुलिस आरोपियों के करीब भी पहुच चुकी है। जिसका खुलासा एक दो दिन में किया जा सकता है। टीआई आरके बोर्झा ने बताया कि हर एंगल में जांच किया जा रहा है। सफलता जल्द मिलेगी।

- पीपी यार्ड कॉलोनी में हुई थी हत्या


साड़ी महोत्सव
5 से 21 जनवरी 2024

शुभम के मार्ट

जुनवानी, भिलाई

प्रिटेडं शिफॉन साड़ी
जरी पटटा साड़ी
प्रिटेडं बॉर्डर साड़ी
(विथ ब्लाउज)
₹199* से

लाइट वेट शिफॉन साड़ी
कॉटन बनारसी बुट्टा साड़ी
सिल्क मिक्स कॉटन साड़ी
(विथ ब्लाउज)
₹249* से

भागलपूरी आर्ट सिल्क साड़ी
ब्रासो प्रिंट मिक्स साड़ी
शिफॉन कट बॉर्डर साड़ी
(विथ ब्लाउज)
₹299* से

बनारसी बॉर्डर बुट्टा साड़ी
चुनरी प्रिंट वर्क साड़ी
मोस क्रेप प्रिटेडं साड़ी
(विथ ब्लाउज)
₹499* से

ब्रांडेड विशाल साड़ी
आर्ट सिल्क साड़ी
कॉटन साड़ी
(विथ ब्लाउज)
₹699* से

लिनेन टच कॉटन बुट्टा साड़ी
लाइट वेट जयपुरी वर्क साड़ी
प्रिटेड टीशू हैवी बॉर्डर साड़ी
(विथ ब्लाउज)
₹899* से

@SHUBHAMKMARTOFICL
@shubhamkmartofficial
For More Info Scan & Follow us on Instagram

डिज़ाइनर घाघरा चुन्नी की विशाल रेंज
₹799* से ₹3999*

रेडी मेड होजयारी ब्लाउज 100 से + कलर डिज़ाइन
एक के साथ एक फ्री.. ₹199*

*नियम एवं शर्तें लागू

* सभी ऑफर्स सूचना के बिना बदलाव के अधीन है। ऑफर स्टॉक रहने तक। दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है। सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन है। सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, सोडेक्सो, एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं।

शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के पास, जुनवानी, भिलाई -9109996490

यह फार्म भरकर लाये एवं निश्चित उपहार पाये
शुभम के मार्ट
NAME
MOBILE NO. WHATSAPP NUMBER
BIRTH DATE ANNIVERSARY DATE
* केवल महिलाओं के लिए-


### जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया देखी

# आयुक्त ध्रुव ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगमायुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सोमवार को मॉर्निंग विजिट के दौरान 66 एवं 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फिल्टर बेड, एरीएशन चेंबर, वाश वाटर एवं फिल्टर प्लांट के अन्य स्थानों में पहुंचकर जल शुद्धिकरण के लिए अपनाए जा रहे पूरे कार्यों का अवलोकन कर सम्पूर्ण प्रक्रिया को जाना। जल शुद्धीकरण की प्रत्येक विधि का जायजा लेते हुए, निगम क्षेत्र के हर वार्ड में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था निरंतरता बनी रहे इसके लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। फिल्टर प्लांट के लैब में पहुंचकर केमिस्ट से चर्चा करते हुए उन्होंने पानी में पाए जाने वाले तत्वों और टर्बिडिटी की जांच को गंभीरता से करने के निर्देश दिए।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलता रहे इसके लिए जलकार्य विभाग की टीम पूरी मुस्तैदी से अपने कार्य में जुटी हुई है। कहीं भी विशुद्ध पानी न पहुंचे इसके लिए पानी सेंपल जांच के साथ ही सभी जोन क्षेत्रों से रेंडम जांच करने के निर्देश भी निगम आयुक्त श्री ध्रुव ने दिए। कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि आयुक्त ने फिल्टर प्लांट मे शिवनाथ नदी से आने वाले पानी से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन वाटर के सैंपल तक की प्रक्रिया का अवलोकन किए। जल शुद्धिकरण के इस्तेमाल में उपयोग होने वाले क्लोरीन, ब्लीचिंग एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली। वाटर टेस्टिंग लैब में पहुंचकर संधारित पंजियों का तिथि अनुसार अवलोकन किए।



### रोस्टर अनुरूप हो सफाई

निगम आयुक्त ध्रुव मॉर्निंग विजिट के दौरान वार्ड 29 वृंदा नगर पहुंचे जहां अटल आवास में बैकलाइन सफाई कार्य को देखे और सफाई को नियमित करने कहा, उन्होंने सफाई कराने वाली एजेंसी व जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को हर वार्ड में रोस्टर के अनुरूप सफाई करने के निर्देश दिए। विजिट के दौरान आयुक्त से वार्ड के नागरिकों ने चर्चा में कुछ क्षेत्रों में नल से पानी लो प्रेशर से आने की जानकारी दिए जिस पर निगम आयुक्त ने उस क्षेत्र में बिछे हुए पाइपलाईन का सर्वे कर लो प्रेशर की समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक-दो स्थान पर सी एण्ड डी वेस्ट रखे जाने को लेकर जोन के स्वास्थ्य अमले को फटकार लगाते हुए तत्काल फाइन काटने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव, जोन आयुक्त येशा लहरे आदि उपस्थित थे।



# श्री
# दुर्ग शहर में


फीस 251/- मात्र

# सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं.एम.पी. शर्मा
## माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक

विगत चालीस वर्षो से स्थाई तौर पर उपस्थित माँ कामाख्या माँ भद्रकाली माँ शतचंडी जी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओ के आधार पर आर्थिक मानसिक-शारीरिक-पारिवारिक, व्यापार सम्बन्धित काल सर्प दोष मांगलिक दोष गृह क्लेश विवाह मे बाधा, गुप्त शत्रु बाधाऐ आर्कषण, ऊच्चाटन, मारण, मस्तिक दमन इन बाधाओं से पीड़ित बगुला मुखी साधना द्वारा समाधान.



हरिभूमि 22nd Anniversary



सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
श्रीमती **वैदेही शर्मा**
मो.: 93439 07851

सुप्रसिद्ध ज्योतिष
**पं. सूर्या कुमार शर्मा**
मो.: 8871250663

निवास - श्री दुर्गा मंदिर परिसर, कादम्बरी नगर, धमधा रोड, दुर्ग

# पं.एम.पी. शर्मा

मो.: 8109922001
समय-सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक

## पता - श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय

सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

## निधन

### आरपी सिंह



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व प्रबंध निदेशक आरपी सिंह का 7 जनवरी को रांची झारखंड में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जनवरी सोमवार को रांची झारखंड में किया गया।

### जीसी श्रीवास्तव



**भिलाई।** 648 एम, सडक-37 स्मृति नगर भिलाई निवासी जीसी श्रीवास्तव का निधन 8 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 जनवरी को दोपहर 2 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शिवमोहिनी श्रीवास्तव के पति एवं प्रखर कुमार, पारूल, प्रीती श्रीवास्तव के पिता थे।

### लेखराम देशमुख



**भिलाई।** ग्राम जंजगिरी निवासी लेखराम देशमुख उम्र 88 वर्ष का निधन रविवार को कोटा रायपुर में हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुढ़ियारी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे सेवानिवृत्त प्राचार्य हेमवन्त अमृत, मोहनलाल, कोमलाल एवं चंद्र कुमार देशमुख के पिता थे।

### टीकम दास लिलवानी



**भिलाई।** रायपुर नाका सिंधी कॉलोनी दुर्ग निवासी टीकम दास लिलवानी उम्र 67 वर्ष का निधन 7 जनवरी को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार हरना बांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे मनोहर के बड़े भाई एवं विक्रम के पिता और महेश लिलवानी के चाचा थे।

### लखनलाल उमरे



**दुर्ग।** कसारीडीह आजाद चौक, उमरे बाड़ा निवासी शिक्षक लखनलाल उमरे 82वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे संजय उमरे, भाजपा नेता दीपक उमरे के पिता और पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे के दादा थे।

### प्रशांत वर्मा



**भिलाई।** धमधा ब्लाक के ग्राम फुंडा निवासी प्रशांत वर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष व पूर्व मंडी उपाध्यक्ष का निधन सोमवार को हो गया। वे मोहनिष वर्मा, अनुराग वर्मा के पिता व प्रतीक वर्मा के बड़े भाई थे।


**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्रीमति कृष्णा लेखवानी पति श्री श्रीचंद लेखवानी निवासी : सिंधी कालोनी, कंवर नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग की ओर से पाये हुवे अधिकार व निर्देश के सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार के चचेरे भाई स्व. भजनमल (भजनदास) गोदवानी आ. स्व. सीरूमल एवं स्व. कल्लूमल (कल्याणदास) आ. स्व. कुंदनमल के शामिलात नाम पर भूमिस्वामी हक में ग्राम-फुलगांव, प.ह.नं. 18/25, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 140 रकबा 0.077 हे. स्थित था। स्व. भजनमल (भजनदास) गोदवानी आ. स्व. सीरूमल एवं स्व. कल्लूमल (कल्याणदास) आ. स्व. कुंदनमल द्वारा अपने जीवनकाल में स्वस्थचित्त हालत में दिनांक 30.03.2008 को अपने उपरोक्त ग्राम-फुलगांव, प.ह.नं. 18/25, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 140 रकबा 0.077 हे. के संबंध में मेरे पक्षकार के पक्ष में दो गवाहों के समक्ष वसीयतनामा का निष्पादन कर उपरोक्त वसीयती भूमि से संबंधित समस्त मूल दस्तावेज मेरे पक्षकार को सौंप दिये थे। उपरोक्त वसीयतनामा दिनांक 30.03.2008 के अनुसार स्व. कल्लूमल (कल्याणदास) की मृत्यु दिनांक 01.01.2021 को तथा स्व. भजनमल (भजनदास) की मृत्यु दिनांक 27.09.2019 को होने के कारण मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि की वसीयती उत्तराधिकारी हुई। उपरोक्त वसीयतनामा दिनांक 30.03.2008 के संबंध में स्व. कल्लूमल (कल्याणदास) एवं स्व. भजनमल (भजनदास) के वारिसानों को पूर्ण रूप से जानकारी थी, जिसके बाद भी स्व. कल्लूमल (कल्याणदास) के वारिसान श्रीमति उषा गोदवानी, पवन गोदवानी, भवन गोदवानी, संजय गोदवानी, रोशन गोदवानी एवं स्व. भजनमल (भजनदास) के वारिसान कैलाशचंद गोदवानी, श्रीमति कौशिल्या पंजवानी, श्रीमति साधना लालवानी, श्रीमति रितिका तेजवानी, विनोद गोदवानी, अजय कुमार गोदवानी, शंकरलाल गोदवानी द्वारा उपरोक्त वसीयतनामा दिनांक 30.03.2008 को छिपाकर तथा मेरे पक्षकार को उपरोक्त नामांतरण प्रकरण में बिना सूचना दिये ग्राम-फुलगांव, प.ह.नं. 18/25, तहसील व जिला-दुर्ग के नामांतरण पंजी वर्ष 2022-23 के नामांतरण क्र. एम.डी. 2022234301040000011 प्रविष्टि दिनांक 17.12.2022 में दिनांक 11.01.2023 को तहसीलदार दुर्ग से अपने नाम पर नामांतरण करा लिये हैं, जिसके विरूद्ध मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग के समक्ष दिनांक 05.01.2024 को अपील प्रस्तुत किया गया है, जो दिनांक 07.02.2024 के लिये लंबित है। मेरा पक्षकार इस आम सूचना द्वारा सूचित करती है कि मेरे पक्षकार को ग्राम-फुलगांव, प.ह.नं. 18/25, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 140 रकबा 0.077 हे. वसीयतनामा दिनांक 30.03.2008 द्वारा प्राप्त संपत्ति है किन्तु मेरे पक्षकार के वसीयती संपत्ति भूमि खसरा नंबर 140 रकबा 0.077 हे. को नामांतरण आदेश दिनांक 11.01.2023 द्वारा कैलाशचंद गोदवानी वगैरह अपना नाम नामांतरण करा लिये हैं। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उपरोक्त नामांतरण के आधार पर मेरे पक्षकार के वसीयत में प्राप्त उपरोक्त भूमि को अंतरण करने के प्रयास में लगे हुये हैं इसलिए कोई भी व्यक्ति या संस्था उपरोक्त ग्राम फुलगांव स्थित भूमि को कैलाशचंद गोदवानी वगैरह से क्रय न करें या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरण मे प्राप्त न करे। इस आम सूचना के बाद भी यदि कोई व्यक्ति या संस्था उपरोक्त भूमि को कैलाशचंद गोदवानी वगैरह से किसी भी प्रकार से अंतरण के माध्यम से प्राप्त करेगा, तो वह अवैध एवं शून्य होगा तथा उपरोक्त अंतरण से मेरा पक्षकार बंधनकारी नहीं होगा तथा उपरोक्त अंतरण को अवैध एवं शून्य घोषित कराने के लिये मेरे पक्षकार द्वारा कानूनी कार्यवाही करने पर उसके होने वाले संपूर्ण हर्जे व खर्चे का देनदार अंतरण में प्राप्तकर्ता होगा।

सूचना जाने।

दिनांक : 08.01.2024

(हरेकृष्ण तिवारी)
अधिवक्ता
निवास एवं कार्यालय फरिश्ता काम्पलेक्स के सामने, पचरीपारा, स्टेशन रोड दुर्ग (छ.ग.)


संकल्प यात्रा शिविर में सरकारी योजनाओं की ग्रामीणों को मिली जानकारी

# ड्रोन से यूरिया छिड़काव करने विभाग ने किसानों को दिया जोर

**शिविर में स्वास्थ, कृषि, डाक, मत्स्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी रहे सक्रिय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा सोमवार को जामगांव आर, बेलहरी, भनसूली, धमना, बोरवाय पहुंची। सेजस स्कूल जामगांव आर के भव्य मंच में स्कूल के बच्चों ने भारत माता को समर्पित नृत्य की अनेकों शानदार प्रस्तुति दी। संकल्प यात्रा में बीईओ टी आर जगदाले, प्राचार्य राजेश पिल्लई, सरपंच राजकुमार ठाकुर, सचिव नरेश महतो उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नगर भाजपा पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, नरेश केला, भाजपा मंडल महिला अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, सांसद प्रतिनिधि मेघनाथ सागरवंशी, अंगेशवर साहू, युवा भाजपा नेता मुकेश साहू, शैलेंद्र साहू, पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू, राधेश्याम राठी, डी डी मानिकपुरी, मनीष जैन, मत्स्य अधिकारी ए के कनेरिया, शेरसिंग सेन मंचासिन रहे।संकल्प यात्रा शिविर में स्वास्थ विभाग, कृषि, शिक्षा, डाक, महिला बाल विकास, पंचायत, मत्स्य आदि के अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहे।

**खास बातें**

- कृषि विभाग ने ड्रोन से यूरिया छिड़काव का गांव में दिखाया डेमो, किराए में उपलब्ध ड्रोन
- मोदी की गारंटी संकल्प यात्रा को सफल बनाने प्रशासन और हितग्राही संकल्प ले : कामता साहू



### आम जनता सरकारी योजनाओं को लेकर रहे सजग

संकल्प यात्रा शिविर में भाजपा पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू व पूर्व नगर भाजपा अध्यक्ष नरेश केला ने कहा कि अधिकारी कर्मचारी शासन की योजनाओं को सरलतम ढंग से आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प ले और आम जनता शासन के हर योजना का लाभ लेने सजग रहने का संकल्प ले तो भारत को विकसित देश बनाने में सराहनीय योगदान होगा। ग्रामपंचायत शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में जीवंत भूमिका निभाए तो सबका साथ सबका विश्वास होगा। मंचासीन अन्य लोगो ने भी अपने विचार रखे।

### किसान नई तकनीकों से करें खेती

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मनीष साहू, योगेश वर्मा, अक्षय कश्यप ने बताया कि किसान नई तकनीकों का खेती किसानी में लाभ लेने का हर संभव प्रयास करे। इन दिनों कृषि विभाग गांवो में ड्रोन के माध्यम नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का छिड़काव का डेमो दिखा रहे है अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन किराए पर उपलब्ध होता है। ड्रोन से छिड़काव करने से खाद का मिसयूज व समय का अपव्यव्य रोका जा सकता है। जैविक खेती पर भी विभाग द्वारा प्रभावी रुप से प्रशिक्षण किसानों को दिया जा रहा है।

### हितग्राही सजगता पूर्वक योजनाओं का उठाएं लाभ

सचिव नरेश महतो ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहते है जिनसे सभी ग्रामीण इस शिविर में आकर शासकीय योजनाओं की जानकारी, योजनाओं का लाभ एवं विविध विभागीय कार्यो के लिए अपना आवेदन भी दे सकते है।

### विभागों की रही सक्रियता

संकल्प यात्रा में स्वास्थ विभाग टीम डॉ सीबीएस बंजारे, आर एस ठाकुर, बीएल वर्मा, चित्रेखा देवांगन, शकुन ठाकुर, संदीप चंद्राकर, नीलकमल साहू, मिथलेश साहू, राधिका देवांगन, सतरूपा साहू, हेमलता वर्मा, सावित्री अग्रवाल, नीरज टंडन, महिला बाल विकास टीम ममता सिंह, गुनिता ठाकुर, पूजा गोस्वामी, फगनी निर्मल, मोहनी मस्के, दीपिका मालेकर, पंचायत विभाग रोजगार सहायक सहित सभी विभागों की कर्मियों का सक्रिय योगदान रहा।

# भांचा रामचंद्र हम सबके हैं आराध्य देव: भूपेश बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

संगीत मानस मंडली एवं निपानी के समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में चार दिवसीय मानस महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे, विशिष्ट अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, रमन टिकरिहा सभापति, रूपचंद साहू सभापति, देव निषाद सदस्य मछुआ कल्याण बोर्ड, ईश्वर निषाद, भोज रघुवंशी सेक्टर प्रभारी, सीता सिन्हा सरपंच ने प्रभु राम व हनुमान जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख,समृद्धि व शांति की कामना की। इस दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि भांचा सिया रामचंद्र हम सबके आराध्य देव है। हमने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के साथ रामवन पथ गमन के माध्यम से भांचा रामचंद्र के प्रति आस्था को संजोने का कार्य किया है। हमने किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं को संबल बनाने के साथ निपानी सहित सभी क्षेत्रों में विकास की कोई कमी नहीं की है। पाटन की जनता को प्रणाम करते हुए आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने 6वीं बार विधायक चुनकर मुझे सेवा का अवसर दिया है। कार्यक्रण का मंच संचालन लेखनी वर्मा व आभार योगेश ठाकुर ने किया।

- निपानी में मानस महोत्सव में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

इस अवसर पर भविष्य जैन, कपूर साहू, अशोक रिंगवानी सरपंच, सीताराम ठाकुर, नारद साहू, चंद्रहास साहू, लक्ष्मीनारायण गंजीर, प्यारे लाल भारदीय, रिखी नारंग, पुलस्य साहू, दुकालू निषाद,चंद्रिका साहू, हेमंत साहू, गुहा सिन्हा, सागर सिन्हा, लक्की सिन्हा, बाबा चंद्राकर, नारायण निषाद, गणेश निषाद, नीलकंठ शुक्ला, बहूर निषाद, संतोष ठाकुर, नंदू ठाकुर, धनेश सिन्हा, चेतन पांडे, खम्हन ठाकुर, अनिल सिन्हा, परमेश्वर निषाद, गोपाल सिन्हा, कंवल सिन्हा, फिरोज खान, कलीम खान, गौरव सिन्हा, खोमन सिन्हा, धनी सिन्हा, दिनेश सिंह, राहुल रघुवंशी, ओमप्रकाश, झुमुक रघुवंशी, शेष कुमार सहित आयोजक समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सांसद बघेल से मुलाकात कर ग्रामीणों ने रखी समस्याएं, किया त्वरित निवारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन ब्लॉक ग्राम पंचायत भन्सुली के सरपंच तुलसी गेंदलाल डहरिया, पूर्व जनपद सदस्य गैंदलाल डहरिया के नेतृत्व में सोमवार को दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान सासंद को जनप्रतिनिधियों ने गुलस्ता देकर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने व नये वर्ष की बधाई शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों ग्राम भन्सुली में आवास डाटा प्लस खुलवाने, पेयजल हेतु बोर खनन करवाने, धान बेचने के लिए टोकन जारी करवाने की मांग रखा गया। जिससे दुर्ग सासंद ने तत्काल अधिकारीयों को फोन के माध्यम से भन्सुली के समस्याओ को तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया।

- ग्राम पंचायत भन्सुली के जनप्रतिनिधियों ने सांसद विजय को प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर दी बधाई

इस अवसर पर गैंदलाल डहरिया पूर्व जनपद, राम नारायण साहू पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकरी समिति, नीलमणि साहू पूर्व सरपंच, तुकेश निर्मल, बूथ अध्यक्ष ठाकुर राम यादव, पद्मभूषण मंथीर साहू, सकर्ती केन्द्र प्रभारी महेंद्र साहू, अध्यक्ष साहू समाज किसान नेता अरुण कुमार साहू, इन्द्ररू साहू, राजेश साहू सहित अन्य जन उपस्थित थे।

# विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय मानक ब्यूरो के स्थापना दिवस अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सीआईपीईटी, एनआईटी तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के पदाधिकारी, स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र और उनके अभिभावक उपस्थित थे। 9 दिसंबर को विश्व मानक दिवस के अवसर पर ब्यूरो द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के मानक क्लब के 44 प्रतिभागियों में से प्रथम चरण में क्षेत्रीय स्तर पर विजेता घोषित किये गये। जिनमें से स्वामी आत्मानंद बालाजी नगर खुर्सीपार के 16 छात्रों का चयन हुआ। चयनित छात्रों को भारतीय मानक ब्यूरो के डायरेक्टर सुमित कुमार द्वारा सम्मानित कर प्रमाण पत्र वितरित किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में राजगीत, मानक गीत एवं नुक्कड नाटक की प्रस्तुति दी गयी। नुक्कड़ नाटक में सेजेस बालाजी नगर के छात्रों द्वारा आईएसआई मार्क व हॉलमार्क के कार्यों और उपयोग को समझाने तथा लोगों में जागरूकता लाने शपपथ दिलाई। इस अवसर पर सेजेस बालाजी नगर के प्राचार्य सुरेश कुमार, रिसाली प्राचार्य धीर, सेक्टर 6 प्राचार्य दलजीत कोरडा, दीपक नगर प्राचार्य शेफाली सोनी, सेलूद प्राचार्य नरेंद्र देशकर तथा रानीतरई प्राचार्य राजेश पिल्लई, अभिभावक तथा अधिकारी गण उपस्थित थे।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता: सरिता


हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डुंडेरा में संकुल स्तरीय शिक्षक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के सेवानिवृत उच्च वर्ग शिक्षक मदन सिंह ठाकुर, प्राचार्य अशोक गुप्ता, उच्च वर्ग शिक्षक चिंतामणी गजपाल, प्रधान पाठक शंकर लाल देशलहरा, भृत्य अशोक देवांगन को सामूहिक रूप से बिदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्या सारिता मसीह ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता। उनका कार्यक्षेत्र बदल जाता है। वह समाज को जागरूक करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। बच्चे शिक्षित होंगे तभी हमारा भविष्य उज्जवल होगा। शिक्षित व्यक्ति ही समाज व देश का विकास कर सकता है। उन्होंने बच्चों को संस्कारित शिक्षा देने पर बल दिया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर विदाई दी गई।

- डुंडेरा में संकुल स्तरीय शिक्षक विदाई समारोह का हुआ आयोजन

कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक पुरुषोत्तम सपहा ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भीखम शर्मा, अशोक साहू, बिसेलाल साहू, पूर्व एल्डरमैन तरुण बंजारे, प्रधान पाठक बीआर खेवार, दिलीप वर्मा, बिमला ठाकुर, सरिता नायक सहित संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्थित थे।



# पूर्व सीएम के पिता के निधन पर अरूण वोरा ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। वोरा ने सुबह निधन की खबर मिलते ही भूपेश बघेल से फोन पर बातचीत की और शोक व्यक्त किया।

# बच्चों ने दी मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति, लगाए विभिन्न स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शास. क.उ.मा.वि. सुपेला विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं आंनद मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन थे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रूपा उप्पल एवं विशेष अतिथि पार्षद केशव चौबे, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष तुलसी वैष्णव तथा पूर्व पार्षद धनेश्वरी साहू उपस्थित थे। वार्षिक उत्सव एवं आंनद मेले के आयोजन में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी विभाग की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने विद्यालय के पुष्प वाटिका की सराहना करते हुए कहा कि राज्य स्तर पर किसी भी शासकीय विद्यालय में हमने ऐसी वाटिका नही देखी साथ ही उन्होंने 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम की भूरी भूरी प्रशंसा की। आंनद मेला में लगे विभिन्न व्यंजनों के स्टाल का स्वाद उपस्थित सभी अभिभावकों द्वारा लिया गया। अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्या रुपा उप्पल ने किया। आयोजन में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेडरी विभाग के समस्त शिक्षकों, व्याख्याताओं एवं कार्यालयीन स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

- शासकीय कन्या उमावि सुपेला में वार्षिकोंत्सव का हुआ आयोजन



श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

# सेक्टर 2 में बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सम्प्रति सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन सेक्टर 2 राम भद्र सेवा मंडल में आचार्य पं संदीप तिवारी दवरा 9 से 15 जनवरी तक किया गया है। कथा सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को दोपहर 3 बजे गाजे-बाजे व आतिशबाजी के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर किया गया।

इस दौरान सैंकड़ों महिलाएं पीले व लाल वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर कथा स्थल पहुंची। जहां विद्वान पंडितों द्वारा पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चार कर कलश यात्रा का पूजन किया। कलश यात्रा कथास्थल से निकलकर सेक्टर 2 अयप्पा मंदिर, विभिन्न प्रमुख स्थानों व चौक-चौराहों से होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। यात्रा में कलश धारण की हुई महिलाओं के साथ अन्य टोली की महिलाएं कृष्ण भक्ति में नाचते- झूमते रही।



### आज होगी बेदी स्थापना व कथा की व्याख्या

श्रीमद् भागवात ज्ञान यज्ञ कथा सप्ताह में आज वेदी स्थापना, पोथी पूजन, कथा माहात्मय व गोकर्ण कथा के साथ ही श्रीमद्भागवत कथा कब, क्यों, कैसे व उसके फल का महात्म्य व कलश के संदर्भ में विस्तार से बताया जाएगा।

### सेक्टर 6 में हुआ दही लूट



राधे-राधे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन सड़क 17, सेक्टर 6 में किया गया है। जिसके छठवें दिन कथा वाचक राम महाराज वृंदावन वाले दवरा गोवर्धन चरित्र व श्री कृष्ण द्वारा की गई रासलीला की व्याख्या की गई। कथा में यजमान के रुप में महेंद्र प्रताप सिंह सपत्निक उपस्थित होकर कथा श्रवण कर व्यासपीठ की आरती की।


**आम सूचना**

क्र.न.से.वि./संपदा/लीज/2023/302(2)

Dated : 24.11.2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि SHRI P.K. DESHMUKH भिलाई इस्पात संयंत्र के भू-खण्ड में निर्मित आवास क्रमांक 005B, सड़क नं. 014, SECTOR-05 (Type-1ZB), भिलाई के आबंटन आदेश क्रमांक-BSP/AGM(Lease)/SELHS-2002/PH-IV/291 Dated 14.10.2002 के अनुसार लीजधारक है।

लीजधारक SHRI P.K. DESHMUKH के देहान्त उपरान्त उनकी पत्नी LALITA DESHMUKH ने लीज में आबंटित आवास क्रमांक 005B, सड़क नं. 014, SECTOR-05 (Type-1ZB), भिलाई का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु कार्यालय में आवेदन किया है।

उक्त लीज आवास क्रमांक 005B, सड़क नं. 014, SECTOR-05 (Type-1ZB), भिलाई के ढांचा संबंधी हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, व्यक्तियों, शासकीय/अर्ध शासकीय कार्यालय, बैंकों, या वित्तीय संस्थाओं आदि को इस बाबात् कोई आपत्ति, दावा, बंधक पत्र, देनदारी उजर हो, तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति/दावा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते है। सनद रहे कि उपरोक्त म्याद/अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की अगली कार्यवाही जारी रहेगी। मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

प्रबंधक (आवास लीज)
नगर सेवायें विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र



**न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202401100800006/अ-12 वर्ष 2023-24
ग्राम :- बसनी, प. ह.न.-12

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मनोज अग्रवाल पिता श्री एस.सी. अग्रवाल, निवासी कादम्बरीनगर धमधा रोड तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश कर मौजा ग्राम बसनी पटवारी हल्का नंबर 12 रा.नि.म. धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1013/3, 1014, 1016 रकबा क्रमशः 2.30, 0.43, 0.37 हे. भू-राजस्व अभिलेख में आवेदक मनोज अग्रवाल पिता एस.सी. अग्रवाल के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि का सीमांकन करवाने हेतु इस न्यायालय में निवेदन किया जाकर वादभूमि का नकल, निर्धारित खजाना शुल्क दाखिल चालान की छायाप्रति, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति आदि दस्तावेज संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई दावा आपत्ति हो तो स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 16/01/2024 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक :- 02/01/2024
पेशी दिनांक :- 16/01/2024

तहसीलदार
धमधा



**न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202401100800005/अ-12 वर्ष 2023-24
ग्राम :- सोनेसरार, प.ह.न.-16

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक प्रदीप अग्रवाल पिता श्री एस.सी. अग्रवाल, निवासी कादम्बरीनगर धमधा रोड तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश कर मौजा ग्राम-सोनेसरार पटवारी हल्का नंबर 16 रा.नि.म. धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 992, 984 रकबा क्रमशः 0.80, 0.87 हे. भू-राजस्व अभिलेख में आवेदक प्रदीप अग्रवाल पिता एस.सी. अग्रवाल के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि का सीमांकन करवाने हेतु इस न्यायालय में निवेदन किया जाकर वादभूमि का नकल, निर्धारित खजाना शुल्क दाखिल चालान की छायाप्रति, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति आदि दस्तावेज संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई दावा आपत्ति हो तो स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 16/01/2024 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक :- 02/01/2024
पेशी दिनांक :- 16/01/2024

तहसीलदार
धमधा

## खबर संक्षेप

### मोबाइल कैम्प का आयोजन आज से

**दुर्ग।** जिले में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सहायता के लिए मोबाईल कैम्प का आयोजन 9 से 24 जनवरी तक किया जाएगा। मोबाईल कैम्पों में श्रमिकों का पंजीयन उनके प्रवर्ग अनुसार संबंधित मंडल में/नवीनीकरण/योजनाओं का आवेदन प्राप्त कर आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। सहायक श्रमायुक्त से मिली जानकारी अनुसार मोबाईल कैम्प शिविर 09 जनवरी 2024 को दुर्ग शहर के शांति नगर वार्ड 17 दुर्गा मंच दुर्ग एवं दुर्ग ग्रामीण के ग्राम नगपुरा में, 10 जनवरी को नगरीय निकाय चरोदा के नूतन चौक चरोदा एवं भिलाई के जोन-2 वार्ड 28 प्रेमनगर में, 11 जनवरी को जामुल के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 तालाब पारा वार्ड 05 एवं कुम्हारी के जंजगिरी में, 12 जनवरी को विकासखण्ड पाटन के ग्राम महुदा एवं धमधा के ग्राम मुरमुन्दा में, 16 जनवरी को दुर्ग शहर के न्यू आदर्श नगर वार्ड 53 पोटिया एवं दुर्ग ग्रामीण के ग्राम बेलौदी में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार मोबाईल कैम्प शिविर 18 जनवरी को नगरीय निकाय जामुल के गणेश चौक वार्ड 12 में एवं कुम्हारी के कुगदा वार्ड 22 में, 19 जनवरी को पाटन विकासखण्ड के ग्राम खुड़मुड़ा एवं धमधा के ग्राम अहेरी में, 23 जनवरी को दुर्ग शहर के नया पारा पंचशील नगर वार्ड क्रमांक 01 एवं दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पीपरछेड़ी में, 24 जनवरी को नगरीय निकाय के चरोदा बस्ती चरोद एवं भिलाई के जोन-4 शास्त्री नगर खुर्सीपार में आयोजित किया जाएगा। उक्त शिविर का समय प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक है। शिविर में संबंधित श्रम निरीक्षक/श्रम उपनिरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर कार्य सम्पादित करेंगे।

### बैडमिंटन चैंपियनशिप में बीएसपी उपविजेता




**भिलाई।** बोकारो में खेली जा रही है सेल बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में भिलाई स्टील प्लांट की बैडमिंटन टीम को उप विजेता का खिताब प्राप्त हुआ। सोमवार को खेलें गए फाइनल मुकाबले में बोकारो स्टील प्लांट ने भिलाई स्टील प्लांट को 2-1 से हराकार ख़िताब पर कब्ज़ा बरकरार रखा। बीएसपी की टीम में वेद प्रकाश तिवारी, कपिल नायडू, विजय भानु, प्रवीण उपाध्याय कोच, मो.सलीम कुरेशी मैनेजर शामिल थे।

## निधन

### जमुना दास दम्मानी



**भिलाई।** एलआईजी - 644 पदमनाभपुर दुर्ग निवासी जमुना दास दम्मानी उम 76 वर्ष का निधन 8 जनवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 9 जनवरी को सुबह 10 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे किरण, कविता, सोनिया, दिनेश पोद्दार, कमलेश मूंधड़ा, निर्मल सोनी सहित भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

# समाज के प्रति दायित्वों को निभाने की प्रेरणा मिलती है: कोसरे

**छत्तीसगढ़िया रेलवे कर्मचारी अधिकारी संगठन का पारिवारिक मिलन समारोह**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



छत्तीसगढ़ियां रेल्वे कर्मचारी अधिकारी संगठन रनिंग ब्रांच से लोको पायलट व ट्रैन मैनेजर ने वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह रविवार को सांस्कृतिक भवन चरोदा में मनाया गया। श्रीराम भगवान की विशेष आरती की गई। मुख्य अतिथि महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि संगठन के कार्यों से सभी को एकजुटता, समाज के प्रति दायित्वों को निभाने की प्रेरणा मिलती है। कोसरे द्वारा अपने तरफ से संगठन को हरसम्भव सहायता करने की घोषणा की। अध्यक्षता वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता बीएन पटेल, राजीव सोनी ने किया। प्रतिभावान छात्रों का सम्मान कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

छालीवुड के कलाकार दिलेश साहू, उपासना वैष्णव, जीत शर्मा अपनी फिल्म के प्रमोशन भी की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के ब्यूटी आइकॉन मिसेज एशिया व मिसेज इंडिया पूर्व विजेता शिखा साहू के अलावा रायपुर, दुर्ग व बीएमवाय के तीनों चीफ क्रू कंट्रोलर भोली चौधरी, राहुल प्रधान व एस के त्रिपाठी मौजूद थे। संगठन से मंडल प्रभारी संदीप साहू, मंडल अध्यक्ष तीजराम वर्मा, शाखा अध्यक्ष ए आर तारम, संरक्षक ए के कश्यप, चीफ लोको इंस्पेक्टर बीके आदि उपस्थित थे।

## देवबलौदा से शुरू हुई संकल्प यात्रा

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा में देवबलोदा वार्ड से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत किया गया। इस दौरान वार्ड 32, देवबलोदा बस्ती से संकल्प यात्रा रथ के शिविर स्थल पर पहुंचते ही लोग उत्सुकता से इंतजार करते रहे भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में अगले तीन दिनों तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के अनुक्रम में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प

रथम दिवस देवबलोदा के बाजार चौक में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें वार्ड 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37 वार्ड के नागरिकों ने भाग लिया। निगम द्वारा शिविर में आधार, स्वास्थ्य, राजस्व, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना सहित महिला बाल विकास के स्टॉल लगाए गए हैं। मंगलवार 9 जनवरी को निगम क्षेत्र में दो स्थानों पर शिविर किया जाएगा। भारत संकल्प यात्रा में चंद्रप्रकाश पांडेय, नंदिनी जांगडे, ललित यादव, कामता साहू पार्षद, राम सूर्यवंशी समेत निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी मौके पर मौजूद थे।

## विडंबना: नौ माह पूर्व भोपाल में गूंजा था तंबूरा, बेड पर ही सिमटी जिंदगी

# तीजन बाई की बिगड़ती सेहत को सरकार की संजीवनी की दरकार

**पांच महीने से घर नहीं आए डॉक्टर, परिजनों और कलाकारों ने की बेहतर इलाज की गुहार**

विमल शंकर झा ▸▸ भिलाई





गांव की धूलभरी तंग गली के किनारे एक साधारण मकान के बरामदे में पसरी उदासी और कम हवादार और मद्धिम प्रकाश वाले छोटे कमरे में दर्दभरी खामोशी... पलंग पर दिन प्रति दिन कमजोर होती कंबल में लिपटी काया... अपनों को पहचानने की कोशिश में माथे पर घनी होतीं सिलवटें.. दरवाजे की ओर निराशा में डूबी निगाहों को मूर्छा में पड़े लक्ष्मण के लिए संजीवनी बूटी लाने वाले संकटमोचक हनुमान की तरह आज के भगवान की आस... और रोज नई उम्मीद बंधाते परिवार वाले..।

अपने गांव गनियारी में अपनी गिरती सेहत के चलते आस निरास के दो पाटन में झूलतीं प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई का तंबूरा आधा बरस से खामोश है। गिरते स्वास्थ्य और चिंता के बीच आठ महीने पहले भोपाल में उनके आखिरी कार्यक्रम के पंडवानी के कुछ अस्पष्ट बोल अभी भी उनके जेहन और परिजनों की की सुनहरी यादों में गूंज रहे हैं- ए दे भैया गा मोर,ए दे बहिनी ओ मोर..., अपन धरम अउ करम निभा के गंगापुत्र भीष्म पितामह बाणे शैया मा लेटे हे जी..। अउ दूर खड़े बांके बिहारी हा.., भाग्य के खेल ला देखते हे, देखते हे अऊ सोचत हे जी...। आधी सदी से अधिक समय से अपने जादुई पंडवानी गायन से देश दुनिया में छत्तीसगढ़ की माटी का मान बढ़ाने वालीं पद्मविभूषण व 5 विश्वविद्यालयों से डाक्टर की मानद उपाधि से सम्मानित उम्रदराज पंडवानी गुरु डां. तीजन बाई पिछले 7 महीने से निरंतर गिरते स्वास्थ्य के बीच जिंदगी और बेहतर स्वास्थ्य के लिए संघर्ष कर रही हैं। लेकिन जिस कला साधना और समर्पण से उन्होंने शिवनाथ से टेम्स तक दीर्घ कला अवदान दिया, परिजनों और कलाकारों लगता है कि इस अमूल्य योगदान को केंद्र, राज्य सरकार, भिलाई इस्पात संयंत्र और कर्णधार जागरुक जन प्रतिनिधियों ने भुला दिया है। इसका प्रमाण अपने गृहग्राम गनियारी में छह माह से बिस्तर की होकर रह गईं तीजन बाई की गिरती सेहत है। वे बेहतर इलाज के लिए तरस रही हैं। जून महीने 2023 में उनकी नाजुक स्थिति के मीडिया के हो हल्ला के बाद पखवाड़ेभर तक तत्कालीन राज्य शासन व सेक्टर 9 अस्पताल के डाक्टरों द्वारा घर पहुंच उपचार उपलब्ध कराने के बाद पिछले छह महीने से उपचार बंद कर दिया गया है। परिजनों ने बताया कि 5 माह से सतत इलाज व डाक्टरों के नियमित चेकअप के अभाव में स्वास्थ्य व शरीर दुर्बल होता जा रहा है। बिस्तर पर ही पड़े रहेन मजबूर हैं और ठीक से खड़ी नहीं हो सकतीं । खाना पीना कम होते जाने के साथ बोलने व लोगों को पहचाने में भी दिक्कत होती है। दोनों बेटों की मृत्यु और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से परिवार को बेहतर इलाज के लिए जूझना पड़ रहा है। परिजनों व कलाकारों ने बताया कि घर पर ही गंभीरता से सरकार बेहतर इलाज उपलब्ध करवाए तो पंडवानी गायिका न सिर्फ फिर से स्वस्थ हो सकती हैं बल्कि उनका तंबूरा भी फिर से गूंज सकता है। परिजन अपने स्तर पर उपचार व देखभाल कर रहे हैं।

### पुत्र की मौत के सदमे से पैरालाइज अटैक

मुफलिसी और अनपढ़ होते हुए भी गनियारी जैसे छोटे से गांव से मात्र दस साल की उम्र से 60 साल तक पंडवानी साधना करने वालीं तीजन बाई के लिए 27 मई 2023 का दिन दोहरा सदमा लेकर आया। उनके पुत्र की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु से उन्हें 30 मई को पैरालाइज अटैक आया। पखवाड़ेभर तक तक गंभीर स्थिति होने तथा इसकी खबर अखबारों में आने के बाद जून में शासन, प्रशासन व बीएसपी जागा और सीएम भूपेश बघेल के निर्देश पर तीजन बाई को सेक्टर 9 अस्पताल में पांच दिन दाखिले के परिजनों के आग्रह पर घर पर ही दस पंद्रह दिनों तक डाक्टर दवा व फीजियोथैरेपी आदि से उपचार देते रहे। लेकिन इसके बाद डाक्टरों का आना बंद हो गया। परिजनों ने बताया कि पिछले तीन चार महीने से तबियत बिगड़ते जा रही है । वे पैरालाइज के साथ हार्ट की भी मरीज हैं। उल्लेखनीय है कि 7 जनवरी को देशव्यापी सांस्कृतिक यात्रा के दौरान जब कलाकारों ने गनियारी में बेड पर पड़ीं इलाज के लिए तरसतीं तीजन बाई की दयनीत हालत देखी तो हैरान रह गए। कलाकारों ने बताया कि जिस महान लोककलाकार ने सांस्कृतिक दूत की तरह अपने शहर, प्रदेश व देश का नाम रोशन करने अपना पूरा जीवन होम कर दिया, उनका जीवन बचाने के लिए तत्काल राज्य व केंद्र सरकार के साथ बीएसपी को संवेदना दिखाते हुए गंभीरता से बेहतर व सतत इलाज की जीवंतता दिखाने की जरुरत है। इप्टा के प्रांतीय अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी व इप्टा बिलासपुर के अध्यक्ष सचिन शर्मा सहित यात्रा में शामिल सैकड़ों कलाकारों ने सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका व छग की सांस्कृतिक धरोहर तीजन बाई के तत्काल बेहतर इलाज करवाने का आग्रह सरकार और सक्षम संस्थानों से किया है।

**कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ने की कार्रवाई**

# अवैध रेत परिवहन करते 2 हाईवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

रेत से भरे दो हाइवा को प्रशासन की टीम ने जप्त किया है। चंदखुरी के पास धमतरी से आ रही रेत की हाईवा को रोककर अफसरो ने वैध पर्ची की जांच की तो इस दौरान वाहन चालक के पास दस्तावेज नही थे। जिसके चलते गाडी जब्त कर पुलगांव थाने के अभिरक्षा में भेज दिया गया है। कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी व एसडीएम मुकेश रावटे के निर्देश पर दुर्ग अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध रेत परिवहन करते हुए दो हाईवा को ग्राम चंदखूरी में जब्त किया। श्री गुप्ता भ्रमण के दौरान धान खरीदी केंद्र कोलिहापुरी, चंदखूरी के निरीक्षण पर निकले थे। उक्त खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के पश्चात चंदखूरी मार्ग में दो हाईवा जिसमे रेत भरा हुआ था। जिसे रोका और दस्तावेज पेश करने कहा। ड्राइवर द्वारा रेत परिवहन संबंधी कोई दस्तावेज मौके पर पेश नही किए जाने पर उक्त दोनो रेट से भरे हाईवा को मौके पर ही जब्ती की कार्यवाही की और विस्तृत जांच होते तक थाना पुलगांव के अभिरक्षा में रखवाया गया। अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने बताया कि, उक्त दोनो हाईवा में रेत धमतरी से लाया जा रहा था। जिसे वैध दस्तावेज के अभाव में जब्त किया गया है। विस्तृत जांच के पश्चात आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

## तारकेश्वर अध्यक्ष और भागवत सचिव बने





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कनौजिया सोनार समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के रुप में तारकेश्वर प्रसाद स्वर्णकार , उपाध्यक्ष राजेन्द्र सोनी,सचिव भागवत सोनी, संयुक्त सचिव संजू सोनी, सलाहकार सेवकराम सोनी, मीडिया भानूप्रताप स्वर्णकार और कार्यकारणी में ओंकार सोनी को बनाया गया है। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है।

## कृष्णा नगर में माता-उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



- खेलों के लिए विद्यार्थी व माताएं हुई पुरस्कृत

शासकीय शाला संकुल कृष्णा नगर में नव-वर्ष के उपलक्ष्य में पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विभाग द्वारा माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम, रंगोली एवं कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक सुरेंद्र पांडे, बीडीओ गोविंद साव एवं समग्र शिक्षा एसीपी विवेक शर्मा इस कार्यक्रम में अतिथि थे। माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत शाला के विद्यार्थियों की माताओं के विभिन्न सरल खेलों के माध्यम से बच्चों को घर पर खेल-खेल में पढ़ना लिखना सीखने-समझने के तरीके बताए गए। खेलों को अच्छी तरह खेलने एवं सीखने वाली माताओं नोन्हाड़े एवं श्रीमती ईश्वरी साहू को क्रमशः मिडिल एवं प्राथमिक शाला में स्मार्ट माता घोषित कर अतिथियों द्वारा उनका मुकुट एवं सैश पहनाकर सम्मान किया गया। 'कबाड़ से जुगाड़' के अंतर्गत शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर उनसे विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक उपयोग के चार्ट, प्रतिरूप एवं आकृतियां बनाकर उनकी प्रदर्शनी लगाई गयी। अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी एवं छात्राओं के रंगोली प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया । इस कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य डॉ. शिखा तिवारी, शालेय समितियों के अध्यक्ष राजेंद्र महिलांगे, मदन सेन एवं महावीर वर्मा के साथ संकुल समन्वयक रामकुमार चंद्राकर प्रधान पाठक शुभ्रा भट्टाचार्जी, प्रशांत देशपांडे एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे।

## कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** दुर्ग जिले की कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी से तृतीय लिंग समुदाय के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात कर तृतीय लिंग समुदाय के बारे में चर्चा किया। जिसमें समुदाय के सदस्यों ने तृतीय लिंग समुदाय को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। तृतीय लिंग समुदाय के लिए चलाएं जाने वाले योजनाओं की समीक्षा करने के लिए आग्रह किया गया। वह समाज की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन आज तक इस समुदाय के लिए किसी प्रकार की विशेष योजनाएं नहीं बनाई गई है। जिससे की तृतीय लिंग समुदाय भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके समुदाय के सदस्यों ने एक संस्था का निर्माण कर स्कूलों एवं कॉलेज में जाकर तृतीय लिंग समुदाय के लिए जन जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इस अभियान को आगे बढ़ाने एवं सहयोग करने के लिए जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक से समुदाय के सदस्यों ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर साइंस कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा शर्मा, शंकराचार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, विनीता एवं तृतीय लिंग समुदाय की प्रमुख कंचन सेंद्रे, चंद यादव, हसीना चांदनी शेख साहिब आदि शामिल थे।



## अस्पताल में गंदा बिस्तर देख कलेक्टर नाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

- मरीजों एवं उनके परिजनों से भी की चर्चा

जिले में नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सात जनवरी की आधी रात जिला अस्पताल पहुंची। उनके दबिश से अस्पताल प्रशासन के बीच खलबली मची रही। इस दौरान उन्होने अस्पताल के सभी सेवाओं की निरिक्षण किया। इस दौरान मरीजों की बैड सीट गंदे होने पर नाराज हुई। कलेक्टर ने कहा कि, बैडसीट सात कलर कोडेड बैंड सीट की व्यवस्था करे। वही उन्होने एनआरसी में फाइल मेंटेन नही करने पर भी नाराजगी जताई।

रविवार रात्रि 9 बजे जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन विभाग, समस्त सर्जिकल वार्ड, शिशु वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पोषण पुनर्वास केंद्र, गायेनक वार्ड का भ्रमण किया और यहां भर्ती मरीजों एवं संबंधित चिकित्सकों से मरीजों के इलाज के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही चिकित्सकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लैब और ब्लड बैंक की कार्य प्रणाली भी देखी। अस्पताल में साफ सफाई, चिकित्सकों की उपलब्धता एवं इलाज अच्छा पाया गया। अस्पताल के मातृ शिशु भवन के भूतल के पब्लिक शौचालय में जल रिसाव की शिकायत का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए गए, ऐसे मरीज, परिजन जो अस्पताल में अधिक दिनों तक भर्ती है उनके वाहनों की पार्किंग के लिए पास सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि वार्डो के बेडशीट प्रतिदिन चेंज की जाए एवं 7 कलर कोडेड बेडशीट की व्यवस्था की जाए। इसी प्रकार एसएनसीयू में भर्ती मरीजों की ट्राईएज के अनुसार कलर कोडिंग की जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरुण साहू, रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर सह अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश यादव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आर के मल्होत्रा, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र साहू, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. सरिता मिंज, पैथोलॉजिस्ट डॉ. नेहा नलवाया, अस्पताल सलाहकार डॉ. सौरभ कोचर, एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाला 3 साल बाद पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- पीड़ित के खाते से 17 लाख 55 हजार किया पार
- पुलगांव पुलिस को मिली सफलता

बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने तीन साल बाद गिरफ्तार किया है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र का है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि घोरमारा थाना मोहनपुर जिला देवघर झारखंड निवासी प्रशांत मंडल बैंक अधिकारी बनकर चौहान टाउन निवासी सईद ख्वाजा के मोबाइल पर वर्ष 2020 में कॉल किया था। पीड़ित का नेहरु नगर में एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक का खाता है। जिसका आरोपी प्रशांत ने ओटीपी हासिल कर एसबीआई बैंक खाते से 4 लाख 80 हजार 432 रुपए और आईसीआईसीआई से 12 लाख 65 हजार रुपए ठगी कर लिया। दोनों खातों से आरोपी प्रशांत मंडल 17 लाख 55 हजार 425 रुपए पार किया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही है। आरोपी प्रशांत मंडल को कोकर रांची से पकड़ा गया। आरोपी का मोबाइल टावर लोकेशन से उसकी सारी जानकारी पुलिस को मिल पाई। कोतवाली टीआई तपेशवर सिंह नेताम की टीम का अहम रोल रहा है।







